JP GROUP OF EDUCATION

PRATIBHA SAMMAN SAMAROAH

जेपी ग्रुप ऑफ एजुकेशन, बिहारशरीफ में 12वीं जिला टॉपरों का सम्मान समारोह आयोजित

बिहारशरीफ। नालंदा जिले के जे० पी० ग्रुप ऑफ एजुकेशन, वियावानी, बिहारशरीफ में गुरुवार (26 मार्च 2026) को इंटरमीडिएट के जिला टॉपर छात्रों के सम्मान में भव्य "प्रतिभा सम्मान समारोह 2026" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संस्थान परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास सह परिवहन विभाग के मंत्री श्री श्रवण कुमार उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नालंदा के सांसद श्री कौशलेंद्र कुमार ने कार्यक्रम में भाग लिया। संस्थान के श्री सचिव शैलेश कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सुशांत कुमार, पल्लवी कुमारी, आशीष रंजन, सुरभि कुमारी, साजिया अंसारी, सपना कुमारी, सुन्द्रम कुमार, मुस्कान सिन्हा और श्रद्धा राज सहित सभी जिला टॉपरों को मोमेंटो, प्रमाण पत्र, बुके, शॉल एवं डायरी-पेन देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री श्रवण कुमार ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता की कुंजी है। उन्होंने बिहार सरकार द्वारा शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में किए गए कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी दी तथा छात्रों को आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। वहीं सांसद श्री कौशलेन्द्र कुमार ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा सशक्त माध्यम है, जो व्यक्ति को जीवन में कभी हारने नहीं देता। उन्होंने संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। संस्थान के सचिव श्री शैलेश कुमार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए छात्रों को निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रशासनिक पदाधिकारी एस. दिवाकर ने भी छात्रों को आशीर्वचन दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ० संजय कुमार, प्राचार्य, जे० पी० कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने किया। उन्होंने संस्थान की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अंत में डॉ० पुनीत कुमार शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर बी० एड० एवं डी० एल० एड० के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समारोह में संस्थान के सभी प्राचार्य, शिक्षकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में
छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

26/03/2026